सत्यमेव जयते

पंचदश

बिहार विधान-सभा

अष्टम् सत्र

अल्प-सूचित प्रश्न

वर्ग-1

सोमवार, तिथि $\frac{\text{27 फाल्गुन, 1934 (श0)}}{\text{18 मार्च, 2013 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 02

(1) गृह (आरक्षी) विभाग	..	..	01
(2) उद्योग विभाग	..	..	01
		कुल योग ..	02

जाम से मुक्ति

40. डॉ० अच्युतानन्द—दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 18 फरवरी, 2013 को प्रकाशित "वसूली का खोज और सड़क पर कब्जा" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना के पटना जंक्शन गोलम्बर और स्टेशन रोड इलाके में सड़कों पर लगभग 35 फीट से 55 फीट तक अवैध दुकानदारों, बसों तथा टेम्पुओं का कब्जा रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अवैध दुकानदारों से वसूली में पुलिसकर्मी तथा उनके दलाल शामिल रहते हैं, जिनमें संजय नामक युवक का भी नाम आया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अवैध कब्जे के कारण स्टेशन पर जाम लगे रहने से 500 मीटर का सफर तय करने में एक घंटा लग जाता है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अवैध वसूली की उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करते हुए स्टेशन गोलम्बर एवं स्टेशन रोड के इलाके को जाम से मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

41. श्री मंजीत कुमार सिंह—दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 4 जनवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक "मंजूर 146 करोड़ कर्ज बंटा 5 करोड़" शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रधान मंत्री स्वरोगार योजना में बिहार को 146 (एक सौ छियालिस) करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई, जिसमें मात्र 5 (पाँच) करोड़ रु0 ही खर्च हो सकी ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो प्रधान मंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 141 (एक सौ इकतालिस) करोड़ रु0 खर्च नहीं होने का औचित्य क्या है, इसके लिये कौन दोषी है, दोषी के खिलाफ सरकार क्या कार्रवाई करना चाहती है ?

पटना :
दिनांक 18 मार्च, 2013 (ई0)।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 267—डी0टी0पी0—450